
वर्ष- 3 , अंक- 155
छपरा
9 मई शनिवार
2026
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## नासिक टीसीएस केस : मुख्य आरोपी निदा खान हिरासत में

### यौन उत्पीड़न और धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप; अब तक 9 एफआईआर दर्ज

**नासिक,एजेंसी।** नासिक टीसीएस केस में पुलिस ने मुख्य आरोपी निदा खान को गुरुवार रात छत्रपति संभाजीनगर से हिरासत में लिया। निदा पर सेक्सुअल हैरेसमेंट और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप हैं।



इससे पहले 2 मई को नासिक कोर्ट ने निदा की एंटीसिपेटरी बेल याचिका खारिज की थी। प्रॉसिक्यूशन ने कोर्ट में कहा कि आरोप गंभीर हैं और उनसे कस्टडी में पूछताछ जरूरी है। इस दौरान निदा फरार चल रही थी।

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, पब्लिक प्रॉसिक्यूटर अजय मिसर ने बताया था कि निदा खान इस केस की मुख्य आरोपियों में से एक हैं। इसी आधार पर कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया।

FIR के अनुसार, निदा पर आरोप है कि उसने महिला कर्मचारियों को बुर्का पहनने की सलाह दी थी। मामले की जांच नासिक पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) जांच कर रही है।

इस मामले में अब तक 9 एफआईआर दर्ज हुई हैं, जो महिला कर्मचारियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न से जुड़ी हैं। SIT ने इस मामले में अब तक एक महिला ऑपरेशंस मैनेजर समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया है।

**निदा ने कोर्ट में प्रेग्नेंसी का हवाला दिया था, लेकिन राहत नहीं**

निदा ने एंटीसिपेटरी बेल के लिए अपनी प्रेग्नेंसी का हवाला दिया, लेकिन कोर्ट ने इसे स्वीकार नहीं किया था। मामले पर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (TCS) ने पिछले महीने बयान में कहा था कि कंपनी किसी भी तरह के हैरेसमेंट और जबरदस्ती के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस पॉलिसी पर काम करती है।

## राजा रघुवंशी हत्याकांड के 4 आरोपियों की बेल खारिज

### सोनम की जमानत को हाईकोर्ट में चुनौती; मेघालय सरकार बोली- पुलिस जांच में गलती नहीं



**इंदौर,एजेंसी।** मध्यप्रदेश के इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपियों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। शिलांग सेशन कोर्ट ने मामले के मुख्य आरोपी राज कुशवाह समेत चार आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। वहीं मेघालय सरकार ने आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले में 12 मई को सुनवाई होगी।

**राज कुशवाह समेत 4 आरोपियों को राहत नहीं:**शिलांग सेशन कोर्ट ने मुख्य आरोपी और सोनम के कथित प्रेमी राज कुशवाह की दूसरी जमानत याचिका भी खारिज कर दी।

## सोहराबुद्दीन फर्जी मुठभेड़ केस- सभी 22 आरोपी बरी

*बॉम्बे हाई कोर्ट बोला- ठोस सबूत नहीं, संदेह पर सजा नहीं दे सकते; ट्रायल कोर्ट का फैसला बरकरार*

**नई दिल्ली,एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने गुरुवार को साल 2005 के सोहराबुद्दीन शेख फर्जी मुठभेड़ केस में सभी 22 आरोपियों को बरी करने का फैसला बरकरार रखा है। इस मामले में सोहराबुद्दीन की पत्नी कौसर बी और सहयोगी तुलसीराम प्रजापति की भी हत्या हो गई थी।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की बेंच ने सोहराबुद्दीन के भाइयों, रुबाबुद्दीन, नयाबुद्दीन की अपीलों को खारिज कर दिया। जिन 22 को आरोपमुक्त किया गया है, उनमें गुजरात व राजस्थान पुलिस के जूनियर लेवल के अफसर थे।

उन पर आरोप था कि वे उस टीम का हिस्सा थे जिसने इन तीनों का अपहरण किया और बाद में फर्जी मुठभेड़ में उन्हें मार गिराया। बाकी एक आरोपी गुजरात के एक फार्महाउस का मालिक था, जहां सोहराबुद्दीन और कौसर बी को उनकी हत्या से पहले अवैध रूप से बंधक बनाकर रखा गया था।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बिना ठोस साक्ष्यों के संदेह के आधार पर सजा नहीं दी जा सकती।

### अमित शाह की मौजूदगी में विधायक दल की बैठक

# सुवेंदु अधिकारी होंगे बंगाल के सीएम,आज लेंगे शपथ

### रूपा गांगुली समेत 2 डिप्टी सीएम बनेंगे

**कोलकाता,एजेंसी।**पश्चिम बंगाल में नए सीएम के लिए विधायक दल की बैठक हुई। यह मीटिंग कोलकाता के कन्वेंशन सेंटर में हो रही थी । गृहमंत्री अमित शाह भी बैठक में बतौर ऑब्जर्वर शामिल हुए।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य प्रस्तावक बनेंगे। वे सुवेंदु का नाम सबके सामने रखेंगे, जिसके बाद बैठक में मौजूद सभी भाजपा विधायकों की मंजूरी ली।सुवेंदु सीएम बनेंगे, राज्य में दो उप-मुख्यमंत्री भी होंगे। डिप्टी सीएम के तौर पर रूपा गांगुली के नाम पर मुहर लग चुकी है। दूसरा डिप्टी सीएम उत्तर बंगाल से पुरुष विधायक होगा। सुवेंदु के पास गृह विभाग का प्रभार होगा।

कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में कल 10 बजे मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, शाह समेत NDA के कई बड़े नेता शामिल होंगे।

सुवेंदु ने ष्टरू ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वे नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीती हैं।



**बंगाल में 26 साल से डिप्टी सीएम का पद खाली**

पश्चिम बंगाल में पिछले 26 साल से उपमुख्यमंत्री का पद खाली है। 5 नवंबर 2000 तक दिवंगत CPM नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य, ज्योति बसु की सरकार में इस पद पर रहने वाले आखिरी नेता थे। राज्य में अब तक सिर्फ 3 डिप्टी CM रहे हैं।

इनमें ज्योति बसु, बिजॉय सिंह नाहर और बुद्धदेव भट्टाचार्य शामिल हैं। CPI(M) नेता ज्योति बसु दो बार डिप्टी सीएम रहे। वे पहली बार 1 मार्च 1967 से 21 नवंबर 1967 और दूसरी बार 25 फरवरी 1969 से 16 मार्च 1970 बंगाल के उपमुख्यमंत्री रहे। कांग्रेस नेता बिजॉय सिंह नाहर 2 अप्रैल 1971 से 28 जून 1971 तक डिप्टी सीएम रहे। वहीं CPI(M) नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य 12 जनवरी 1999 से 5 नवंबर 2000 तक उपमुख्यमंत्री थे, जब ज्योति बसु मुख्यमंत्री पद पर थे।

## एक्टर विजय का तमिलनाडु सीएम बनना तय

### बहुमत के लिए 118 विधायक पूरे, टीवीके को कांग्रेस के बाद लेफ्ट, वीसीके का समर्थन;

**चेन्नई,एजेंसी।** तमिलनाडु में एक्टर विजय का मुख्यमंत्री लगभग तय है। सूत्रों ने दावा किया है कि तमिलगा वेत्री कझगम (TVK) को कांग्रेस के बाद 3 छोटी पार्टियां, विदुथलाई चिरुथैगल काची (VCK), CPI और CPI(M) भी समर्थन देने को राजी हैं।

इस बीच TVK चीफ विजय ने आज लगातार तीसरे दिन राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर से मिलने का समय मांगा है। इससे पहले 6 और 7 मई को भी वे राज्यपाल से मिले थे। लेकिन दोनों बार उन्होंने विजय को यह कहकर लौटा दिया था कि सरकार बनाने के लिए जरूरी 118 विधायकों का समर्थन लेकर आएं।

TVK ने विधानसभा चुनाव में 108 सीटें जीती हैं। दो सीटों पर विजय जीते हैं। उन्हें एक सीट छोड़नी पड़ेगी। ऐसे में बहुमत के लिए 11 विधायक और चाहिए।



कांग्रेस के 5 विधायक पहले ही TVK को समर्थन दे चुके हैं। CPI, CPI (M) और VCK के 2-2 विधायकों से TVK के पास बहुमत हो जाएगा।

DMK ने लोकसभा में अपने सांसदों की सीट बदलने की मांग की

तमिलनाडु में कांग्रेस से गठबंधन टूटने के बाद DMK ने लोकसभा में अपने सांसदों की सीट व्यवस्था बदलने की मांग की है। DMK की उप महासचिव और तूतीकोरिन सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने 7 मई 2026 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लेटर लिखा।

उन्होंने लेटर में लिखा- बदले हुए राजनीतिक हालातों को देखते हुए और कांग्रेस के साथ हमारा गठबंधन खत्म हो गया है। ऐसे में हमारे सदस्यों के लिए सदन में उनके साथ बैठने की व्यवस्था का जारी रखना सही नहीं हो सकता है।

## दावा:सुवेंदु के पीए को सुपारी किलर्स से मरवाया

### भाजपा विधायक बोले- मैंने कराहने की आवाज सुनी, दोबारा कॉल किया तो नहीं उठा

**कोलकाता,एजेंसी।**पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ हत्याकांड में नया दावा किया गया है। शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि चंद्रनाथ रथ की बुधवार रात सजिश के साथ हत्या की गई। पुलिस को शक है कि इसमें प्रोफेशनल शूटर शामिल हो सकते हैं।

इस वारदात से बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद सियासी हिंसा का डर फिर लौट आया है। पुलिस के सीनियर अफसर के मुताबिक कई टीमें जांच में जुटी हैं। 3 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

इधर, हत्या में इस्तेमाल की गई दूसरी बाइक भी बरामद कर ली गई है। यह बाइक गुरुवार रात बारासात में 11 नंबर रेल गेट इलाके के पास मिली। यह बाइक पहले दमदम इलाके से चोरी हुई थी।



● **13 साल में अपने 3 करीबियों को खो चुके हैं सुवेंदु :** 2013 में जब सुवेंदु तृणमूल में थे। तब उनके निजी सहायक प्रदीप झा की मौत हुई थी। हालांकि, जांचकर्ताओं ने मौत को सामान्य माना था। इसके बाद 2018 में उनके पीएसओ शुभव्रत चक्रवर्ती मृत मिले थे। पुलिस ने इसे आत्महत्या माना। इसके बाद 2021 में सुवेंदु के एक और पर्सनल असिस्टेंट पुलक लाहिड़ी की भी असामान्य परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

चंद्रनाथ रथ की बुधवार रात 10.30 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 42 साल के चंद्रनाथ कोलकाता से मध्यमग्राम अपने घर जा रहे थे। हमलावर ने उन्हें सीने में दो और पेट में एक गोली मारी।

### सुप्रीम कोर्ट बोला: मंत्री शाह को ऐसे कमेंट्स की आदत

## कर्नल सोफिया मामले में एमपी सरकार को फटकार, कहा- बहुत हुआ, आदेश का पालन करें



**भोपाल,एजेंसी।** सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अभियोजन स्वीकृति देने में हो रही देरी पर राज्य सरकार को फटकार लगाई।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने कड़े शब्दों में कहा- ' (बस बहुत हुआ), अब हमारे आदेश का पालन कीजिए। '

**कोर्ट ने कहा- यह सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था**

सुनवाई के दौरान जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मंत्री का बचाव करते हुए कहा कि शायद उनके बयान को गलत समझा गया और वे महिला अधिकारी की प्रशंसा करना चाहते थे तो सीजेआई सूर्यकांत ने इसे सिरे से खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा- यह सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। एक राजनेता के तौर पर उन्हें अच्छी तरह पता है कि किसी महिला अधिकारी की प्रशंसा कैसे की जाती है। कोर्ट ने स्ढ्ढञ्ज की स्टेटस रिपोर्ट का हवाला देते हुए टिप्पणी की कि मंत्री को इस तरह के कमेंट करने की आदत है।

### कश्मीर में एडवांस हथियारों वाली 1500 विलेज गार्ड्स की फौज

## 5 जिलों के ग्रामीण जवानों के साथ 12-12 घंटे की ड्यूटी कर रहे

**जम्मू/श्रीनगर,एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों ने गांव स्तर पर सुरक्षा तंत्र काफी मजबूत किया है। पिछले एक साल में पांच जिलों में 1500 से ज्यादा विलेज डिफेंस गार्ड्स (वीडीजी) को ट्रेनिंग दी गई है।

इसमें हथियार चलाना, टैक्टिकल मूवमेंट, सर्विलांस व इमरजेंसी रिस्पॉन्स शामिल है। वहीं, .303 राइफल की जगह एसएलआर, बुलेटप्रूफ जैकेट व वायरलेस कम्युनिकेशन सेट भी दिए जा रहे हैं।

ये ग्रामीण सीमाई इलाकों में जवानों के साथ 12-12 घंटे की ड्यूटी कर रहे हैं। राजौरी के अमित कुमार कहते हैं कि पिछले एक साल में कई बार घुसपैठ की कोशिशें हुईं, पर वीडीजी सदस्यों ने समय रहते सेना और पुलिस को अलर्ट किया।



उनके मुताबिक गांव में कोई अजनबी आता है तो लोग तुरंत पहचानकर मूवमेंट की सूचना देते हैं। रात में सुरक्षा बलों के साथ जॉइंट पेट्रोलिंग भी होती है।

## म्यांमार सीमा से आए उग्रवादियों ने मणिपुर में घर जलाए

### सुबह 4 बजे हमला, लोग जान बचाकर जंगलों में भागे, महिला समेत दो लापता

**इंफाल,एजेंसी।**मणिपुर के कमजोंग जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास गुरुवार सुबह हथियारबंद उग्रवादियों ने कई गांवों पर हमला किया। कई घरों में आग लगा दी गई। लोग जान बचाकर जंगलों में भाग गए। पुलिस के मुताबिक, हमला सुबह करीब चार बजे हुआ।

उग्रवादियों ने कसोम खुल्लेन थाना क्षेत्र के तांगखुल नागा गांव नामली, वांगली और चोरो को निशाना बनाया। ये गांव अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर से कम दूरी पर हैं।



हमले के दौरान भागने की कोशिश में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई।गांव वालों के मुताबिक, नामली में दो, वांगली में तीन से चार और चोरो में कई घर जलकर राख हो गए। चोरो में एक चर्च को छोड़कर कई घरों को नुकसान पहुंचा।

## कुत्तों ने 2 साल की बच्ची को नोच-नोचकर मार डाला

### पिता के पास सो रही थी मासूम, उठाकर 50 मीटर दूर ले गए कुत्त

**झालावाड़,एजेंसी।** राजस्थान के झालावाड़ में कुत्तों के हमले में 2 साल की बच्ची की मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे भाटिया वर्कशॉप के पास एक अस्थायी टेंट के बाहर हुई।

बच्ची पिता के साथ टेंट के बाहर सो रही थी। तभी 3-4 कुत्ते अचानक वहां पहुंचे और बच्ची को उठाकर करीब 50 मीटर दूर ले गए।आहट सुनकर पिता उठे तो बच्ची गायब थी। पिता बच्ची को ढूंढते हुए मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक कुत्तों ने बच्ची को बुरी तरह नोच डाला था।पिता ने किसी तरह कुत्तों को भगाकर बच्ची को छुड़ाया और तुरंत एसआरजी अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**काम की तलाश में आया था परिवार:**बच्ची गोरी के पिता राजूलाल मूल रूप से बारां जिले के भंवरगढ़ के रहने वाले हैं। वे करीब डेढ़ महीने पहले काम की तलाश में झालावाड़ आए थे।

## अमेरिका ने सीजफायर तोड़कर ईरान पर फिर बमबारी की

### ट्रम्प बोले- डील नहीं की तो और हमले करेंगे; होर्मुज में 1500 जहाज फंसे

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।**अमेरिकी सेना ने ईरान पर फिर बमबारी की है। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सीजफायर के बीच यह कार्रवाई की। दरअसल, अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया है। इसके बाद ईरान ने बिना किसी हिचकिचाहट के करारा जवाब देने की चेतावनी दी है।ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस TV के मुताबिक खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी सेना ने जास्क के पास ईरानी समुद्री इलाके से होर्मुज स्ट्रेट की ओर जा रहे एक तेल टैंकर को निशाना बनाया।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर तेहरान डील नहीं करता तो हम फिर हमले करेंगे। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ट्रम्प ने बताया कि ईरान ने अमेरिकी जंगी जहाजों पर हमला किया था।इसके बाद दोनों देशों के बीच फायरिंग हुई, जिसमें हमने उन्हें बुरी तरह से तबाह कर दिया और उनकी कई छोटी नावों को डुबो दिया। हम उन्हें परमाणु हथियार रखने का अधिकार नहीं देंगे और वे इस बात पर सहमत हो गए हैं।वहीं, संयुक्त राष्ट्र की समुद्री एजेंसी IMO के महासचिव आर्सेनियो डोमिंगेज ने कहा है कि होर्मुज संकट के कारण खाड़ी क्षेत्र में करीब 1500 जहाज फंस गए हैं। इन जहाजों के साथ लगभग 20 हजार नाविक भी फंसे हुए हैं।



**होर्मुज में फंसे भारतीय नाविक बोले- हम परेशान है:**करीब 10 हफ्तों से ईरानी बंदरगाह पर फंसे भारतीय नाविक अनीश बोले, 'हमने यहां पूरा हाल देखा है। युद्ध, मिसाइलें, सब कुछ। हमारा दिमाग पूरी तरह परेशान हो चुका है। 'अल जजीरा से बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह युद्ध शुरू होने से कुछ दिन पहले एक कार्गो जहाज से शत्त अल अरब जलमार्ग पहुंचे थे।

## साइकिल से कोचिंग आ रहीं छात्रा को बाइक ने मारी टक्कर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के यदु मोड़ पर अनियंत्रित बाइक सवार ने साइकिल सवार दो छात्रा को टक्कर मार दी जिसमें दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। घायल खजुरी गांव निवासी विजय कुमार की 22 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी और बबन राय की 22 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी हैं। मौके पर थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी ने घायलों से हाल चाल पूछा और मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया और बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। बताया गया कि दोनों कोचिंग सेंटर पर साइकिल से आ रही थी।

## शादी में बज रहे गाना को बंद कराने के विवाद में मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के कोड़राव गांव में शादी में बज रहे गीत को बंद कराने के विवाद को लेकर जमकर मारपीट में पुलिस ने एसी एसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 312/26 में कोड़राव गांव निवासी रितेश कुमार पिता गोरख राम ने बताया कि 7 मई को पड़ोस में शादी था उसी में गीत बज रहा था कि शाम 7 बजें के लगभग संदीप महंतों समेत आधा दर्जन लोग लाठी डंडा लेकर पहुंचे और जातिसूचक गाली गलौज करते हुए गाना बंद करने को बोलने लगें। इसी पर वे पूछने लगें कि मारपीट कर घायल कर दिया गया। बचानें आई कात्यायनी कुमारी को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## मशरक में पुलिस पर हमला कांड में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के हनुमानगंज गांव में पुलिस पर हमला के मामले में दर्ज कांड में दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी ने बताया कि हनुमानगंज गांव में सड़क जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर अवांछनीय तत्वों के द्वारा हमला किया गया जिसमें कांड संख्या 264/25 दर्ज कराई गई। जिसमें नामजद आरोपी फरार चल रहे थें जिसमें गुप्त सूचना मिलने पर फरार चल रहे इसुआपुर थाना क्षेत्र के बजरहिया निवासी राहुल कुमार और चहपुरा निवासी दिलीप राय को गिरफ्तार किया गया।

## पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर समस्याओं के समाधान के लिए पहले जमा करना होगा आवेदन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार सरकार की नई एवं महत्वाकांक्षी पहल के तहत सारण जिला प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधिकारी पंचायतों में उपस्थित होकर लोगों की शिकायतों एवं आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन करेंगे। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जिले की पंचायतों में 19 मई 2026 से सहयोग शिविर लगाए जाएंगे। इसी क्रम में सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के डुमरी बुजुर्ग एवं हासिलपुर पंचायत भवन में 19 मई 2026 को, जबकि नयागांव एवं गोपालपुर पंचायत भवन में 2 जून 2026 को सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए सोनपुर के बीपीआरओ राजेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि जिन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है अथवा किसी प्रकार की प्रशासनिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है, वे शिविर आयोजित होने से पूर्व अपने आवेदन पंचायत भवन में जमा कर सकते हैं। पंचायत कर्मियों के पास उपलब्ध प्रपत्र में अपनी समस्या भरकर आवेदन जमा करने पर संबंधित विभागीय अधिकारी शिविर के दौरान उसके समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, भूमि सुधार, पंचायती राज, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत आपूर्ति, सड़क, जलापूर्ति तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा।

# खोदाईबाग गांव में दो महिलाओं के अलग-अलग कमरों से शव मिलने से सनसनी

### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा सदर अस्पताल

**दैनिक खोज खबर/नगरा (सारण)।** खैरा थाना क्षेत्र के खोदाईबाग गांव में शुक्रवार की सुबह एक घर से दो महिलाओं के शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों शव घर के अलग-अलग कमरों से मिले हैं। मृतकों की पहचान 22 वर्षीय प्रीति कुमारी (पत्नी मोहन सिंह) एवं 27 वर्षीय ज्योति कुमारी (पत्नी नागा सिंह) के रूप में की गई है। बताया जाता है कि दोनों महिलाएं आपस में देवरानी-जेठानी थीं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद से दोनों महिलाओं के पति, सास एवं ससुर घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा हो सकता है, हालांकि पुलिस ने फिलहाल घटना के कारणों पर कुछ भी स्पष्ट करने से इनकार किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। इस घटना के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल है।




**पारिवारिक कलह से तीन दिनों से घर में नहीं बन रहा था खाना :** तीन दिनों से परिवारिक कलह के कारण उस घर में खाना नहीं बना रहा था। ग्रामीणों दबे जबान से बताया कि दोनों पतोह के रुपए पैसा को लेकर झगड़ा और मारपीट अक्सर होता था, घटना की रात दोनों मृतका का पति, ससुर परोस के घर बरात गए थे। पड़ोसी के बरात जाने के बाद संस्कृति कार्यक्रम चल रहा था, उसके बाद मृतक के सास सबसे तीन मंजिला मकान ऊपरी वाले कमरा में जाकर सो गई, दूसरे पर बड़ी सबसे नीचे वाले पर छोटी पतोह सोए थे। बताया जाता है कि पांच बजे सुबह मृतका सास उठी देखी बड़ी पतोह अपने कमरा छटपटा रही थी। वहीं नीचे वाले कमरा में छोटी पतोह मृत्यु हो गई थी और आनन फाफन में पड़ोसी को इलाज के लिए निजी क्लीनिक में ले जा रहे था, तभी रास्ते में दम तोड़ दी। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों देवरानी और जेठानी में काफी प्रेम था लोगों ने मौत का कारण बताते हुए कहा कि जिस कारण मौत हुई है, लेकिन सास ससुर और पति अक्सर मारपीट करते थे। समाचार मिलते ही दोनों मृतकों के मायके स्वजन पहुंच कर शव के साथ गए हैं।

## भांजी के मंत्री बनने पर प्रखंड में खुशी का माहौल

**दैनिकखोज खबर/ इसुआपुर (सारण)।** बिहार मंत्रिमंडल के गुरुवार को हुए विस्तार में सारण जिले को भले प्रत्यक्ष प्रतिनिधित्व नहीं मिला, लेकिन अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज एवं विधायक श्रेयसी सिंह को उद्योग एवं खेल विभाग की जिम्मेदारी मिलने से इसुआपुर प्रखंड के शामकौरियां गांव समेत पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है. श्रेयसी सिंह का ननिहाल शामकौरियां गांव में होने के कारण ग्रामीण इस उपलब्धि को प्रखण्ड का गौरव मान रहे हैं. श्रेयसी सिंह की माता एवं पूर्व सांसद पुतुल सिंह का मायका शामकौरियां गांव में है.मंत्री बनने की सूचना मिलते ही गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया. लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की.श्रेयसी सिंह के मामा एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी उमाशंकर सिंह का परिवार वर्तमान में गांव से बाहर रहता है.जबकि उनके चचेरे मामा नंदकिशोर सिंह उर्फ नंदन सिंह गांव में ही रहते हैं. नंदन सिंह ने कहा कि भांजी को बिहार सरकार में महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी मिलना पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय है. उन्होंने बताया कि करीब सात वर्ष पूर्व श्रेयसी सिंह अपनी मां पुतुल सिंह के साथ गांव आई थीं. मंत्री पद मिलने पर ममेरे भाई रौशन कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह एवं मनोज सिंह सहित अन्य लोगों ने इसे गांव के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया.।

## स्वाभिमान, संघर्ष और स्वतंत्रता के प्रतीक महाराणा प्रताप

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।**भारतीय इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे हैं, जो केवल किसी राज्य या जाति विशेष के नायक नहीं रहते, बल्कि पूरे राष्ट्र की चेतना और आत्मसम्मान के प्रतीक बन जाते हैं। महाराणा प्रताप ऐसे ही महान योद्धा थे, जिनका जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के लिए अडिग संकल्प का अद्भुत उदाहरण है। उनकी जयंती केवल एक ऐतिहासिक अवसर नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और राष्ट्रप्रेम के मूल्यों को याद करने का दिन है। 16वीं शताब्दी का भारत राजनीतिक उथल-पुथल का दौर था। मुगल सम्राट अकबर अपनी साम्राज्यवादी नीति के तहत पूरे भारत पर प्रभुत्व स्थापित करना चाहता था। अधिकांश राजघरानों ने किसी न किसी रूप में मुगलों की अधीनता स्वीकार कर ली थी, लेकिन मेवाड़ के वीर



शासक महाराणा प्रताप ने इसे अपने स्वाभिमान के खिलाफ माना। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि राजपूती आन-बान और मातृभूमि की स्वतंत्रता किसी भी कीमत पर समझौते का विषय नहीं हो सकती। 1576 ई. का हल्दीघाटी का युद्ध भारतीय इतिहास के सबसे चर्चित युद्धों में से एक है। यह युद्ध केवल दो राजाओं के बीच की लड़ाई नहीं था, बल्कि स्वाधीनता और साम्राज्यवाद के बीच संघर्ष का प्रतीक था। ऐसा माना जाता है कि इस युद्ध में न तो अकबर निर्णायक रूप से जीत सका और न ही महाराणा प्रताप पराजित हुए। मुगलों के पास विशाल सेना और संसाधन थे, जबकि महाराणा प्रताप के पास सीमित साधन होने के बावजूद अदम्य साहस और जुझारूपन था। उन्होंने अंतिम समय तक संघर्ष किया और कभी अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की। इस युद्ध में उनके प्रिय घोड़े चेतक की वीरता भारतीय लोककथाओं में अमर हो चुकी है। चेतक ने घायल होने के बावजूद अपने स्वामी को सुरक्षित स्थान तक पहुँचाया और स्वयं वीरगति को प्राप्त हुआ। यह केवल एक घोड़े की कहानी नहीं, बल्कि निष्ठा, साहस और बलिदान का अनुपम उदाहरण है। हल्दीघाटी के बाद महाराणा प्रताप का जीवन और अधिक कठिन हो गया। उन्हें वर्षों तक जंगलों, पहाड़ियों और गुफाओं में रहना पड़ा। उनका परिवार अभावों से जूझता रहा। कहा जाता है कि कभी-कभी उनके परिवार को घास की रोटी तक खानी पड़ी। लेकिन इन कठिन परिस्थितियों ने उनके आत्मसम्मान को कभी कमजोर नहीं किया। उन्होंने न तो आत्मसमर्पण किया और न ही मुगलों से समझौता किया। यही कारण है कि महाराणा प्रताप भारतीय जनमानस में संघर्ष और स्वाभिमान के अमर प्रतीक बन गए। राजस्थान की लोक परंपरा और साहित्य में भी महाराणा प्रताप का व्यक्तित्व अत्यंत गौरव के साथ याद किया जाता है। कन्हैयालाल सेठिया की प्रसिद्ध राजस्थानी कविता पातल और पीथल हल्दीघाटी युद्ध के बाद महाराणा प्रताप के संघर्षपूर्ण जीवन को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत करती है। यह कविता केवल साहित्य नहीं, बल्कि त्याग और राष्ट्रभक्ति की जीवंत अभिव्यक्ति है।

## शिक्षा मंत्री बनने के बाद मिथलेश तिवारी ने बाबा हरिहरनाथ के दरबार में टेका मत्था

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार सरकार के नवनियुक्त शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी ने पदभार ग्रहण करने से पूर्व विश्व प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर पहुँचकर पूजा-अर्चना की। उनके साथ नरकटियागंज के विधायक संजय पांडेय भी मौजूद रहे। मंदिर के मुख्य पुजारी सुशील चंद्र शास्त्री, बमबम बाबा और सदानंद बाबा ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। इस दौरान मंत्री ने प्रदेश की सुख-शांति और खुशहाली की कामना की। ?मंदिर परिसर में भाजपा नेता व सारण सांसद प्रतिनिधि




राकेश कुमार सिंह और सचिव विजय लाला ने अंग-वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। भाजपा नेता श्री सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मिथलेश तिवारी एक समर्पित समाजसेवी और कुशल संगठनकर्ता हैं। उनके मंत्री बनने से प्रदेश के शैक्षणिक विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, मिथलेश सिंह, संजीव सिंह, पुष्पेंद्र उपाध्याय और मोनू सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## रामपुर अटौली व लौवां में सहयोग शिविर को लेकर तैयारी पूरी

**दैनिक खोज खबर/ इसुआपुर (सारण)।** प्रखंड के रामपुर अटौली एवं लौवां पंचायत में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है. इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी इंजीनियर सत्यम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पहला शिविर 19 मई को रामपुर अटौली पंचायत भवन परिसर में आयोजित होगा. शिविर की अध्यक्षता जिला सहकारिता पदाधिकारी करेंगे. शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा.

वहीं दूसरा सहयोग शिविर 2 जून को लौवां पंचायत भवन परिसर में आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रोग्राम पदाधिकारी करेंगे. उन्होंने बताया कि शिविर में आम लोगों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे. इसमें जमीन से जुड़े दाखिल-खारिज, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, शौचालय योजना, बिजली बिल में त्रुटि तथा आवास योजना से संबंधित आपत्तियों का आवेदन जमा किया जा सकेगा.बीडीओ ने बताया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित लोक प्राधिकार को भेज दिया जाएगा.



# जनगणना : डेटा एंट्री में तेजी लाने का निर्देश

## अधिकारियों ने किया मढ़ौरा क्षेत्र का निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा/छपरा।** जनगणना कार्य में शुद्धता और गति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक तत्परता बढ़ गई है। जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी ने हाइब्रिड मोड में सभी 30 चार्ज की समीक्षा करते हुए धीमी प्रगति वाले ब्लॉकों और नगर निकायों को कार्य में तेजी लाने का कड़ा निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी प्रगणक फील्ड में भवनों पर पहुंचकर सीधे डेटा अपलोड करें। कागज पर नोट कर बाद में फीडिंग करने की प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए उन्होंने कहा कि इससे त्रुटि की संभावना रहती है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला नोडल



अदिति आनंद और ऑब्जर्वर आयुषी सिंह ने मढ़ौरा नगर पंचायत का सघन भ्रमण किया। अधिकारियों ने कार्यपालक पदाधिकारी सह चार्ज अधिकारी हरिश्चंद्र के साथ क्षेत्र में भौतिक सत्यापन किया और अभिलेख संधारण व तकनीकी प्रक्रियाओं की गुणवत्ता परखी। निरीक्षण के दौरान मकान सूचीकरण प्रपत्रों की उपलब्धता और डिजिटल प्रविष्टि की स्थिति पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के सभी 30 चार्ज का निरीक्षण पूर्ण कर लिया गया है।जिलाधिकारी ने जिला नोडल और ऑब्जर्वर को 15 मई तक जिले में ही कैंप करने तथा धीमी प्रगति वाले क्षेत्रों का दोबारा दौरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न करना है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय ने किया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** प्रखंड के घोरहट स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को एक भव्य 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2026 और इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। ?समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विभा रानी ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं आज हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। मांझी कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार राय और डॉ. विजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को भविष्य के प्रति सजग रहने और निरंतर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार यादव ने की, जबकि मंच संचालन शिक्षक ऋतुराज कुमार सिंह ने कुशलतापूर्वक संपन्न किया। इस दौरान विनय कुमार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अंत में प्रधानाध्यापक ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सोनपुर : लोको रनिंग स्टाफ ने उठाई आवाज संरक्षा नियमों को लेकर आंदोलन की चेतावनी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन पूर्व मध्य रेल की जोनल कार्यकारिणी बैठक सह सेफ्टी सेमिनार का आयोजन शुक्रवार को सोनपुर स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में लोको रनिंग स्टाफ की ज्वलंत समस्याओं और रेल संरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। ?कार्यक्रम की अध्यक्षता जोनल अध्यक्ष कॉम डी.पी. श्रीवास्तव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष कॉम आर.आर. भगत और केंद्रीय संगठन सचिव कॉम गौतम गोस्वामी उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और रनिंग स्टाफ के गिरते स्वास्थ्य व कार्य के दबाव पर चिंता व्यक्त की।

**प्रमुख मांगे और मुद्दे:** बैठक में वक्ताओं ने प्रमुखता से मांग की कि रनिंग स्टाफ की ड्यूटी अवधि को अधिकतम 9 घंटे तक सीमित किया जाए। साथ ही, लगातार दो रात से अधिक ड्यूटी न लेने, 36 घंटे के भीतर मुख्यालय वापसी सुनिश्चित करने और आवधिक विश्राम को 30+16 के फार्मूले पर लागू करने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि रेलवे में लगभग 30 हजार पद समाप्त कर दिए गए हैं, जिससे कार्यरत कर्मचारियों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।

**आंदोलन का निर्णय:** नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक रेलकर्मी स्वयं स्वस्थ और तनावमुक्त नहीं होंगे, सुरक्षित रेल परिचालन संभव नहीं है। रेलवे प्रशासन की उदासीनता को देखते हुए संगठन ने निर्णय लिया है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। आगामी 15 अगस्त से लोको पायलट संरक्षा से जुड़े मुद्दों को लागू कराने के लिए अपने अधिकारों की स्वयं घोषणा करेंगे। बैठक को क्षेत्रीय महासचिव अशोक कुमार राउत सहित दर्जनों वक्ताओं ने संबोधित किया।

# दाउदपुर : बोलेरो से 429 लीटर विदेशी शराब जब्त, चालक फरार

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** बिहार में शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दाउदपुर थाना पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक बोलेरो गाड़ी से विभिन्न ब्रांडों की लगभग 429 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। हालांकि, पुलिस को चकमा देकर चालक मौके से फरार होने में सफल रहा।

**वाहन जांच के दौरान मिली सफलता:** अपर थानाध्यक्ष बिपुल कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ताजपुर-एकमा मुख्य मार्ग से होकर एक बोलेरो में शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। जानकारी मिलते ही सरयूपार गांव के समीप सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया गया। इसी दौरान एक संदिग्ध बोलेरो आती दिखी। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो चालक वाहन को कुछ दूरी पर ही खड़ा कर झाड़ियों का फायदा उठाकर भाग



निकला। पुलिस बल ने पीछा किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया।

**48 कार्टून में भरी थी शराब:** पुलिस ने जब लावारिस हालत में खड़ी बोलेरो की तलाशी ली, तो उसके भीतर बड़ी ही चतुराई से छिपाकर रखे गए 48 कार्टून विदेशी शराब बरामद हुए। थानाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि जब्त वाहन के कागजात के आधार पर वाहन मालिक की पहचान की जा रही है और उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि शराब माफियाओं के हर मंसूबे पर पुलिस की पैनी नजर है।

# रफ्तार का कहर जारी: ट्रक की टक्कर से आर्केस्ट्रा टीम के तीन सदस्यों की मौत, 9 घायल

### *चिंता : तीन दिन पहले भी जिले में सड़क हादसे में गई थी चार आर्केस्ट्रा कर्मियों की जान*

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** बिहार के सारण जिले में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। तीन दिन पहले सड़क हादसे में आर्केस्ट्रा पार्टी के चार लोगों की मौत के बाद शुक्रवार को एक बार फिर दर्दनाक हादसे ने तीन जिंदगियां छीन लीं। छपरा-सिवान नेशनल हाईवे-531 पर दाउदपुर थाना क्षेत्र के बनवार रेलवे ओवरब्रिज के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने आर्केस्ट्रा टीम की पिकअप वैन में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 9 अन्य घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा सदर अस्पताल छपरा पहुंचाया गया। बताया जाता है कि पिकअप वैन में सवार सभी लोग एक आर्केस्ट्रा टीम के सदस्य थे, जो सिवान जिले के एक गांव में शादी समारोह में प्रस्तुति देने के बाद वापस खैरा लौट रहे थे। इसी दौरान बनवार रेलवे ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वैन के परखच्चे उड़ गए और कई लोग वाहन में ही फंस गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और पुलिस के साथ राहत-बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही दाउदपुर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा घायलों को अस्पताल भेजवाया। एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचाररत चिकित्सक डॉ. सुशील प्रसाद ने बताया कि वहां लाए गए घायलों में छह की स्थिति गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल छपरा रेफर किया गया। जहां से तीन घायलों को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। वहीं एक चार वर्षीय बच्ची को मामूली चोट आई है और वह सुरक्षित है। इस हादसे में मृतकों की पहचान भी कर ली गई है। पुलिस के अनुसार मृतकों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र निवासी जितेंद्र मांझी और संजीत मांझी शामिल हैं, जबकि एक महिला मृतक की पहचान प्रारंभ में नहीं हो सकी थी। वहीं घायलों की पहचान पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी निवासी जया कुमारी (30), अल्पना मंडल (29), सिवान जिले के चैनपुर निवासी पिंकी कुमारी (20), सारण जिले के खैरा निवासी रघु कुमार (35), मनु राय (30), विक्की राय (20) समेत अन्य के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, कुछ घायलों को सीधे सदर अस्पताल भेजा गया है। सभी मृतक व घायल खैरा थाना क्षेत्र से संचालित जिया म्यूजिक ग्रुप से जुड़े बताए जा रहे हैं और कार्यक्रम में हिस्सा लेकर खैरा बाजार लौट रहे थे। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पुलिस आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुट गई। घटना के बाद पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर हाईवे पर यातायात बहाल कराया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और आर्केस्ट्रा पार्टी के सदस्यों के रात भर जागने के बाद यात्रा करना भी हादसे का कारण माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सारण में लगातार हो रहे सड़क हादसों ने हाईवे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# जाको राखे साईया, मार सके ना कोय

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** शुक्रवार की सुबह नेशनल हाईवे- 531 पर दाउदपुर थाना क्षेत्र में बनवार रेलवे ओवरब्रिज के समीप हुई भीषण सड़क हादसे में जहां तीन लोगों की जान चली गई और 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं इसी गाड़ी में सवार एक चार वर्षीय बच्ची पूरी तरह सुरक्षित बच गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिकअप वैन के परखच्चे उड़ गए और कई यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए, लेकिन बच्ची को केवल मामूली चोट आई। उसे एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने बताया कि उसकी स्थिति पूरी तरह सामान्य है। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर और घटनास्थल पर मौजूद लोगों की जुबान पर बस एक ही बात थी– 'जाको राखे साईंया, मार सके ना कोय।' यहां बता दें कि शुक्रवार की सुबह लगभग आधा दर्जन घायलों का एकमा सीएचसी में उपचार चल रहा था। चीख-पुकार मची हुई थी। वहीं इससे इतर वह 4 वर्षीय बच्ची आराम से बेड पर नींद से सो रही थी। मानों उसे इस बात का कुछ आभास नहीं हो कि कहीं कुछ हुआ भी है। हां इतना जरूर था कि उसके कपड़ों पर उसके साथ गाड़ी में बैठे घायलों के शरीर के अंग से निकले रक्त के निशान जहां तहां लगे हुए दिखाई दे रहे थे।

# बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरेंद्र राय को शिक्षकों ने दी बधाई

**एकमा।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अ ध्यक्ष पद पर हरेंद्र राय के निर्वाचित होने पर एकमा समेत सारण जिले के शिक्षक नेताओं और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। राजधानी पटना में हाल ही में संपन्न चुनाव में हरेंद्र राय ने 9 वोटों के अंतर से जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया है। उनके निर्वाचन की घोषणा होते ही शिक्षक समुदाय में उत्साह देखा गया। सारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने इसे शिक्षक हितों की जीत बताते हुए हर्ष व्यक्त किया। बधाई देने वालों में सारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव, प्रधान सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह, उप प्रधान सचिव तथा एकमा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गौसपुर के प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष सुमन यादव, वरीय उपाध्यक्ष संजय राय, अजीत सिंह, मीडिया प्रभारी उमेश यादव, अंचल सचिव ओम सिंह यादव, एकमा प्रखंड के शिक्षक गाजी हसन, कमल कुमार सिंह, चंद्रमणि सिंह, योगेश कुमार सिंह, आजाद तिवारी, भरत कुमार सिंह, प्रियंका द्विवेदी, सोनम मिश्रा, दिगविजय कुमार गुप्ता समेत कई अन्य शिक्षक शामिल रहे। संघ के जिला उप प्रधान सचिव व प्रधानाध्यापक व शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी ने शुक्रवार को एकमा में कहा कि प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र राय के नेतृत्व में शिक्षकों की समस्याओं और मांगों को मजबूती से उठाया जाएगा तथा संगठन को नई दिशा मिलेगी। साथ ही उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षक हित में प्रभावी पहल की उम्मीद जताई है।

# मुकुल कुमार सिंह को प्रदान की गई राजनीति विज्ञान विषय में पीएचडी उपाधि

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के परीक्षा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मई 2026 में आयोजित पीएचडी परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। कुलपति प्रो. परमेन्द्र बाजपेयी के आदेशानुसार सामाजिक विज्ञान संकाय के अंतर्गत राजनीति विज्ञान विषय में शोधार्थी मुकुल कुमार सिंह (पिता–सेवा निवृत्त शिक्षक रोशन सिंह, माता–अहिल्या सिन्हा, निवासी–महम्मदपुर, भगवान पुर हाट,सिवान) को पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि प्रदान की गई है। मुकुल कुमार सिंह ने अपना शोध कार्य प्रोफेसर (डॉ.) विभु कुमार के निर्देशन में पूर्ण किया। इनके शोध का विषय है- ' बिहार में राजनीतिक अपराधीकरण का परिदृश्यः एक विश्लेषणात्मक अध्ययन (2005-2023 'इस विशेष उपलब्धि के क्षण में विश्वविद्यालय परिवार, शोधार्थियों, मित्रों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया है।

# दो दिवसीय अखंड अष्टयाम भव्य कलशयात्रा से शुभारंभ

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के रामघाट गांव अवस्थित मंदिर परिसर में दो दिवसीय अखंड अष्टयाम का भव्य कलशयात्रा से शुभारंभ किया गया। कलशयात्रा में शामिल पीला वस्त्र धारण किए कन्याओं और महिलाओं को आचार्य बबन तिवारी ने मंत्रोच्चार कर कलश सौंपा। यजमान टुना सिंह और धर्मपत्नी रिकू देवी के नेतृत्व में कलशयात्रा निकाली गई जो गांव का भ्रमण करते हुए घोघाड़ी नदी घाट पर पहुंची जहां विधिवत मंत्रोच्चार से जलबोझी कराई गई। कलशयात्रा पुनः गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुंची जहां विधिवत मंत्रोच्चार से दो दिवसीय अखंड अष्टयाम का भव्य शुभारंभ हुआ। मौके पर मोतीहारी से पहुंची महिला कीर्तन मंडली ने अखंड अष्टयाम में राम नाम संकीर्तन कर इलाके का माहौल भक्तिमय कर दिया है। मौके पर धर्मनाथ सिंह, अरविंद सिंह,राम नरेश सिंह, शंकर सिंह, पंकज सिंह, राम किकर सिंह, जनार्दन सिंह,सनोज सिंह समेत कई अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।



## मोटर चोरी की शिकायत करना पडा महंगा, मारपीट में युवक घायल

**सिवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के पूर्वी हड़सर गांव में मोटर चोरी की शिकायत करना एक युवक को महंगा पड़ गया। शिकायत से नाराज आरोपितों ने युवक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मामले में पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। पीड़ित दिग्विजय कुमार ने अपने आवेदन में बताया है कि 30 अप्रैल की रात उसके घर के पास लगा मोटर चोरी किया जा रहा था। आवाज सुनकर जब वह बाहर निकला तो गांव का हीं विकास कुमार मोटर लेकर भागने लगा। इस दौरान शोर मचाने पर आरोपित वहां से फरार हो गया। दिग्विजय कुमार ने बताया कि जब उसने चोरी की शिकायत की तो विकास कुमार एवं उसकी मां आग बबूला हो गए और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## तीन बछिया व एक बछड़ा की चोरी

**सिवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के दवन छपरा गांव में अज्ञात चोरों द्वारा तीन बछिया एवं एक बछड़ा की चोरी कर लेने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित अनीश कुमार सिंह ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया है कि गुरूवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने अंधेरे का फायदा उठाकर घर के पास बंधी तीन बछिया एवं एक बछड़ा चोरी कर लिया है। काफी खोजबीन के बाद भी मवेशियों का कोई पता नहीं चल सका है। उन्होंने घटना की जांच कर प्राथमिकी करते हुए चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## जनगणना कार्य का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**बड़हरिया (सिवान)।** जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार ने प्रखंड के कोइरी गांवा, बालापुर एवं तीनभेड़िया गांव में चल रहे जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने स्वयं एचएलओ एप के माध्यम से जनगणना कार्य करते हुए कोइरी गांवा निवासी श्रीराम प्रसाद, बबन यादव एवं सुनील चौधरी के मकानों पर मार्किंग की। उन्होंने जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला प्रेक्षक एसएस श्रीवास्तव एवं लक्ष्मी कुमारी भी मौजूद रहीं। वहीं पर्यवेक्षक दीपेश कुमार शर्मा, हरेराम साह तथा प्रगणक दीपक कुमार, सदफ महफूज एवं प्रियंका कुमारी गुप्ता उपस्थित थे। बीडीओ ने कहा कि जनगणना कार्य सरकार की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

## बाइक व साइकिल की टक्कर में वृद्ध गंभीर, रेफर

बड़हरिया( सिवान)। थाना क्षेत्र के बड़हरिया-सिवान मुख्य मार्ग पर कोइरीगांवा स्थित ग्रामीण बैंक शाखा के समीप गुरुवार की रात बाइक व साइकिल की टक्कर में एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना में बाइक सवार युवक भी घायल हो गया। घायल वृद्ध की पहचान कोइरीगांवा निवासी 55 वर्षीय पुत्र शिवचंद प्रसाद के रूप में हुई है। वहीं घायल बाइक सवार गांव का हीं पप्पू प्रसाद का पुत्र नीतीश कुमार है। मिली जानकारी के अनुसार शिवचंद प्रसाद कर्बला बाजार में सब्जी बेचकर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कर्बला बाजार से हीं बाइक से घर लौट रहे नीतीश कुमार की बाइक ग्रामीण बैंक के सामने साइकिल से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और स्वजनों को दी। सूचना मिलते ही 112 पुलिस टीम तथा स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। सिर में गंभीर चोट होने के कारण वहां से भी उन्हें बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर किया गया। वहीं घायल बाइक सवार नीतीश कुमार का इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

## शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग से 10 लाख के सामान जलकर हुए राख

**सिवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के शिवधारी मोड़ स्थित मुख्तार सिंह मार्केट में गुरुवार की देर रात शार्ट सर्किट से आग लग गई। अगलगी की इस घटना में उदय वस्त्रालय में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना में करीब आठ से दस लाख रुपये मूल्य के कपड़े जलने का अनुमान लगाया जा रहा है। बताया जाता है कि उदय वस्त्रालय के संचालक आलमपुर गांव निवासी अजीत यादव शिवधारी मोड़ पर कपड़ें की दुकान चलाते है। गुरुवार की शाम करीब तीन बजे दुकान बंद कर अपने घर आलमपुर चले गए थे। परिवार में बारात आने के कारण दुकान समय से पहले बंद कर दी गई थी। इसी दौरान रात में दुकान में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। घटना की जानकारी शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई, जब बगल के दुकानदारों ने दुकान से धुआं निकलते देखा। इसके बाद उन्होंने तुरंत दुकान मालिक अजीत यादव को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते हीं स्वजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। दुकान का ताला खोलने पर पाया कि अंदर रखा अधिकांश कपड़ा जलकर राख हो चुका था और दुकान से धुआं निकल रहा था। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

## धूमधाम से मना कोइला बाबा पूजन महोत्सव, की गई सुख-समृद्धि की कामना

गुठनी (सिवान)। गुठनी बाज़ार स्थित गोलाघाट पर शुक्रवार की शाम मल्लाह समाज द्वारा कोइला बाबा का पूजन महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इसमें आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इस दौरान बाबा के दरबार में मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की गई। वहीं भक्ति गीतों व जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। आयोजन समिति द्वारा पूजा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन भी सतर्क नजर आया। ग्रामीणों ने बताया कि कोइला बाबा पूजा वर्षों से आस्था और परंपरा का प्रतीक रहा है, इसमें हर साल बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। मौके पर आयोजनर्ता सीता सहनी, नंदू सहनी, मुन्ना सहनी, झींगुर सहनी, मन्नू सहनी सहित सामाजिक कार्यकर्ता लिटिल पांडेय, अंबुज पांडेय, घनश्याम चौधरी, राजेंद्र चौधरी उपस्थित थे।

# सिवान: मरे हुए कुत्ते को गेट पर टांग नगर परिषद कर्मियों का उग्र प्रदर्शन



**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** नगर परिषद कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। शुक्रवार को आंदोलन उस समय उग्र हो गया जब सफाई कर्मियों ने नगर परिषद कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया और विरोध प्रदर्शन के दौरान एक मरे हुए कुत्ते को गेट पर टांग दिया। कर्मचारियों ने भारी मात्रा में कचरा लाकर कार्यालय परिसर के सामने फेंका और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस घटना के बाद पूरे शहर में चर्चा का माहौल बना हुआ है।कर्मचारी ईपीएफ, ईएसआई, अंतरवेतन, सातवां वेतन लागू करने, सर्विस बुक खोलने और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया भुगतान सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ (एक्टू) के राज्य सचिव अमित कुमार ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन लगातार कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी कर रहा है, जिसके कारण कर्मचारियों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा है।अमित कुमार ने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 से कर्मचारियों का करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपये ईपीएफ मद में बकाया है। वहीं ईएसआई मद में कर्मचारियों के वेतन से राशि काटे जाने के बावजूद संबंधित खाते में जमा नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि कई बार प्रशासन को पत्र देने और वार्ता के बावजूद कोई ठोस पहल नहीं की गई।

इधर, पूर्व वार्ड कमिश्नर और आरटीआई कार्यकर्ता इंतखाब अहमद ने प्रदर्शन के तरीके पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगें सही हो सकती हैं, लेकिन नगर परिषद के मुख्य गेट पर मरा हुआ कुत्ता टांगना और कचरा फेंकना बिल्कुल गलत तरीका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भोले-भाले कर्मचारियों को माले के लोग गुमराह कर रहे हैं।

# फरमाइशी गीत को लेकर बरात में विवाद, चाकूबाजी में युवक की मौत

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** चैनपुर थाना क्षेत्र के नगई गांव में शुक्रवार की अल सुबह शादी समारोह की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब बारात में आर्केस्ट्रा डांस के दौरान फरमाइशी गीत बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मृतक की पहचान रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी ओमप्रकाश गोंड के पुत्र मनीष कुमार गोंड के रूप में हुई है। बताया जाता है कि लक्ष्मीपुर निवासी नंदलाल साह के पुत्र सुशील कुमार गोंड की शादी नगई गांव निवासी रिशुन शाह की पुत्री पिंक कुमारी के साथ तय थी। शुक्रवार की रात धूमधाम से बारात नगई गांव पहुंची थी। विवाह स्थल पर आर्केस्ट्रा डांस का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान कुछ युवकों ने अपनी पसंद का गीत बजाने की फरमाइश की, जिसका दूसरे पक्ष के युवकों ने विरोध किया। बात बढ़ते-बढ़ते हाथापाई तक पहुंच गई। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ने मनीष कुमार गोंड पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू लगने से मनीष गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद विवाह स्थल पर अफरातफरी मच गई और आर्केस्ट्रा में शामिल युवतियां भी स्टेज छोड़कर भाग निकलीं। स्वजन घायल मनीष को इलाज के लिए पहले सिसवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, जहां डाक्टर ने उसकी गंभीर स्थिति को देखकर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। स्वजन उसे सदर अस्पतल लेकर आए और वहां से गोरखपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में हीं उसकी मौत हो गई। इसके बाद स्वजन शव को गांव ले जाने के बजाय चैनपुर अंबेडकर चौक पर लेकर पहुंच गए और सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।चैनपुर थानाध्यक्ष विजय रंजन कुमार ने बताया कि स्वजनों द्वारा पहचान किए जाने के बाद एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार नगई गांव निवासी सत्यदेव यादव का पुत्र चंदन यादव है। उसके अन्य साथी फरार है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी आवेदन नहीं मिला हैं आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मानदेय नहीं मिलने से गुठनी नगर पंचायत के सफाईकर्मियों का हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

गुठनी (सिवान)। गुठनी नगर पंचायत में कार्यरत सफाईकर्मी विगत दो माह से मानदेय नहीं मिलने पर गुरूवार से हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल के दूसरे दिन नाराज सफाईकर्मियों ने कार्यालय गेट पर जमकर हंगामा किया। वहीं हड़ताल के चलते नगर क्षेत्र के सभी 13 वार्डों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और जगह-जगह कचरे के ढेर लगने लगे हैं, इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सफाईकर्मियों का कहना है कि वे पिछले दो महीनों से नियमित रूप से काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उनके मेहनत का उचित भुगतान नहीं किया जा रहा है। कई बार नगर पंचायत प्रशासन से गुहार लगाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिसके बाद उन्हें मजबूर होकर हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। हड़ताल में शामिल कर्मियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनका बकाया मानदेय भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक वे काम पर नहीं लौटेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण उनके परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कई सफाईकर्मियों ने बताया कि घर चलाना मुश्किल हो गया है, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। वहीं विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था ठप होने से दुर्गंध और गंदगी फैलने लगी है। स्थानीय निवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि स्थिति ऐसे ही बनी रही तो स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

## रानीगंज पुलिस ने हांसा में एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब किया बरामद



**मोतिहारी,एजेंसी।** मोतिहारी पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। सदर डीएसपी-2 जितेश पांडे के नेतृत्व में भोपतपुर थाना क्षेत्र से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 1 किलो 42 ग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भोपतपुर थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ की एक खेप पहुंची है। सदर डीएसपी-2 जितेश पांडे ने इस सूचना को एसपी स्वर्ण प्रभात के साथ साझा किया। एसपी के निर्देश पर डीएसपी-2 के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने त्वरित छापेमारी की।

**बाइक और 3 एंड्रॉयड मोबाइल बरामद:** छापेमारी के दौरान पुलिस ने जावेद आलम, राजा कुमार और नंदन कुमार को गिरफ्तार किया। तलाशी में उनके पास से कुल 1 किलो 42 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त, एक मोटरसाइकिल और तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार तस्करों से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि मादक पदार्थ की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। पूछतांछ से गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके नेटवर्क के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद है।

**मादक पदार्थ के खिलाफ अभियान जारी:** सदर डीएसपी-2 जितेश पांडे ने बताया कि मादक पदार्थ के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार तस्करों से मिले इनपुट के आधार पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है।

# 10 दिनों से गायब बच्ची का नहीं मिला सुराग

**सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सलोनेपुर गांव से 10 दिनों से लापता एक चार वर्षीय बच्ची अनाबिया का अब तक कोई सुराग नहीं मिलने से स्वजनों की चिंता गहराती जा रही है। लगातार तलाश के बावजूद बच्ची का कोई पता नहीं चल पाने से परिवार सदमे में है और अनहोनी की आशंका जता रहा है। वहीं स्थानीय पुलिस द्वारा भी मामले की जांच की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लग सका है। विगत 29 अप्रैल से लगातार लापता रहने के कारण स्वजनों की स्थिति बेहद खराब हो गई है। मां अफसाना खातुन एवं पिता नूर आलम के अलावा परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया हैं और हर बीतते दिन के साथ अनहोनी की आशंका और गहराती जा रही है। स्थानीय लोगों में भी इस घटना को लेकर चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों सहित परिवार के लोगों ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए तेजी से कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि बच्ची की जल्द से जल्द बरामदगी सुनिश्चित की जाए, ताकि राहत मिल सके। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और टीम लगातार प्रयासरत है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा और बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा। बहरहाल 10 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग न मिलना परिजनों और स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

